हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 फरवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 निजी कारणों के चलते जंगल ले जाकर लोहे के पाइप...




07 विधायक ने दिव्यांगों के लिए शौचालय का किया...



**खबर संक्षेप**

### बॉडी बिल्डिंग/वेस्ट फिजिक चेंपियनशिप 8 फरवरी को

**सीहोर।** राष्ट्रीय रेफरी अन्तराष्ट्रीय कोच गणेश चौरसिया ने बताया कि सम्भाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैम्पीयनशिप एवं वेस्ट फिजिक का आयोजन दिनांक 8 फरवरी दिन रविवार को मानस भवन पोलोटेक्निक चौराहा भोपाल में आयोजित होने जा रही है। बॉडी बिल्डिंग केटेगिरी 55 किलो वर्ग से शुरु है, जिसमें आठ ग्रुप होगें। मेन में फिजिक का होगा। इस प्रतियोगिता का वेस्ट ग्रुप प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक किया जावेगा एवं प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

## 100 से अधिक गुलाब के पौधे सहित अन्य पेड़ बढ़ा रहे हरियाली

# मंडी श्मशान घाट अब 'शोक स्थल' नहीं आकर्षक शांति उद्यान में हो गया तबदील

सरकारी व जनसहयोग से लगातार विकास कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के मण्डी क्षेत्र स्थित श्मशान घाट की तस्वीर अब पूरी तरह बदल चुकी है। कभी उदासी का प्रतीक माने जाने वाला यह स्थल आज श्मशान समिति और आमजनों के साझा प्रयासों से एक आकर्षक उद्यान के रूप में नजर आता है। यहां श्मशान समिति द्वारा कराए जा रहे जबरदस्त विकास कार्यों ने इसे एक 'आदर्श शांति धाम' बना दिया है, जहां हर छोटी-बड़ी सुविधा का बारीकी से ध्यान रखा गया है।

श्मशान परिसर में कदम रखते ही श्रद्धालुओं को भगवान शिव और माता कालका के मंदिर के दर्शन होते हैं। यहां भगवान शंकर की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है, जो वातावरण को आध्यात्मिक बनाती है। परिसर में शिवलिंग की स्थापना के साथ-साथ आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए शानदार व्यवस्थाएं की गई हैं। पूरे परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं और प्रवेश के लिए एक भव्य



गेट बनाया गया है। बैठने के लिए जगह-जगह कुर्सियां और बेंच लगाई गई हैं, वहीं पीने के ठंडे पानी के लिए फ्रीजर की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा शोकसभा स्थल और दाह संस्कार के बाद बाल कटवाने (मुंडन) के लिए व्यवस्थित स्थान बनाया गया है।

### गुलाबों की खुशबू से महकता परिसर

समिति ने परिसर को पर्यावरण से जोडऩे के लिए यहां एक सुंदर बगीचा विकसित किया है। इस बगीचे में बड़ी संख्या में गुलाब के पौधे महक रहे हैं। साथ ही पपीते सहित अनेक फलदार और फूलदार पेड़-पौधे लगाए गए हैं, जो श्मशान घाट को किसी पार्क जैसा स्वरूप प्रदान करते हैं।

### एक-एक रुपए के दान से खड़ा हुआ विकास का मॉडल

इस कायाकल्प की सबसे बड़ीखूबी यह है कि यह सब कुछ सरकार और आम जनता के सहयोग से संभव हो पाया है। दरअसल जब भी गंज या मण्डी क्षेत्र से यहां शवयात्रा पहुंचती है तो श्मशान परिसर के कर्मचारी आमजनों से स्वेच्छा से सहयोग राशि की अपील करते हैं। लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार 10, 20, 50 या 100 रुपये दान करते हैं। इसी छोटी-छोटी जमा पूंजी से आज यहां बड़े विकास कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।



### मंगलवार को शर्मा परिवार ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

मंगलवार को भी यहां तीन शवयात्राएं पहुंचीं। इस दौरान स्थानीय शर्मा परिवार ने अपनी पूजनीय माता जी की स्मृति में श्मशान घाट के विकास के लिए 5100 रुपये की भेंट राशि प्रदान की। वहीं अन्य दो शवयात्राओं में आए नागरिकों के स्वैच्छिक दान से 1700 रुपये की राशि एकत्रित हुई। समिति का कहना है कि यह जनभागीदारी का ही परिणाम है कि आज मण्डी श्मशान घाट पूरे शहर के लिए एक मिसाल बन गया है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, इंजीनियर को सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले इलेक्ट्रिक इंजीनियर को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सिंह मेवाड़ा ने की।

अभियोजन के अनुसार एक निजी यूनिवर्सिटी में कार्य करने वाली एक युवती ने 10 मई 2024 को आष्टा थाने पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वहीं पर पदस्थ रहे इलेक्ट्रिक इंजीनियर ने उसे शादी का झांसा दिया और पीड़िता को अपने घर बुलाकर उसके साथ ज्यादती की। जनवरी 2023 से मई 2024 तक आरोपी उसके साथ कई बार ज्यादती करता रहा। बाद में जब आरोपी ने जॉब छोड़ दी तो उसने पीड़िता से मिलना भी बंद कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आष्टा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ज्यादती सहित अलग-अलग धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया। जहां तथ्यों एवं साक्ष्यों की सूक्ष्म विवेचना करते हुए विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी ने आरोपी संदीप को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## पुरानी हिदायतें हवा, अब कलेक्टर के नए निर्देश, पेयजल योजनाओं की समीक्षा में 'अंतिम छोर' तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य

### कलेक्टर ने की पेयजल योजनाओं की जनपदवार समीक्षा

**सीहोर।** सीहोर। जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक सख्ती और धरातल की हकीकत के बीच बड़ा फासला नजर आ रहा है। इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतों के बाद कलेक्टर ने जिले में जल सुनवाई करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए थे, लेकिन उन निर्देशों पर जमीनी स्तर पर कोई खास अमल नहीं हुआ। न तो कहीं जनसुनवाई हुई और न ही ग्रामीणों को इस बारे में जानकारी दी गई। अब इसी बीच गुरुवार को कलेक्टर बालागुरू के. ने एक बार फिर जिला जल स्वच्छता मिशन समिति की बैठक लेकर पेयजल योजनाओं की जनपदवार समीक्षा की और नए दिशा-निर्देश जारी किए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में कलेक्टर ने दो टूक कहा कि नल-जल योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल की आपूर्ति गांव के अंतिम घर के अंतिम नल कनेक्शन तक सुनिश्चित की जाए। जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है, उनके ड्रायरन के समय मैदानी अमला खुद मौजूद रहे, ताकि किसी भी तकनीकी खराबी या लीकेज को तुरंत सुधारा जा सके। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के बाद ही योजनाओं के हस्तांतरण की बात कही।

### पाइपलाइन तोडऩे वालों पर होगी सख्ती

बैठक में एक महत्वपूर्ण मुद्दा पाइपलाइन की क्षति का उठा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सडक़ निर्माण या अन्य कार्यों के दौरान जिन विभागों या व्यक्तियों द्वारा पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया जाता है, उनसे ही तत्काल मरम्मत कराई जाए। पेयजल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पानी की टंकियों और वॉल की नियमित सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके।

### वसूली और निगरानी के निर्देश

योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने नल कनेक्शन धारियों से नियमित जलकर वसूली पर जोर दिया, ताकि रखरखाव का खर्च निकाला जा सके। उन्होंने पीएचई विभाग के एसडीओ और उपयंत्रियों को सख्त निर्देश दिए कि वे कार्यालयों में बैठने के बजाय फील्ड में भ्रमण करें और कार्यों की सतत निगरानी करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी योजनाओं के संचालन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नियमों को ताक पर रख पनीर फैक्ट्री बहा रही जहरीला पानी, प्रशासन ने उत्पादन रोकने के दिए निर्देश

**जिला उद्योग महाप्रबंधक की बड़ी कार्रवाई, सचिन इंडस्ट्रीज को नोटिस जारी, लीज निरस्त करने और बिजली काटने की चेतावनी**

### 7 दिन में मांगा जवाब

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीप पचामा इंडसट्रियल एरिया में संचालित 'सचिन इंडस्ट्रीज' पनीर फैक्ट्री प्रशासन के रडार पर आ गई है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए फैक्ट्री से निकलने वाला जहरीला और बदबूदार पानी खुलेआम नालों और खेतों में बहाया जा रहा है। इस गंभीर प्रदूषण को देखते हुए जिला उद्योग कार्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है और फैक्ट्री का उत्पादन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए हैं।

जिला उद्योग महाप्रबंधक अनुराग वर्मा ने बताया कि सचिन इंडस्ट्रीज द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिवार्य अनुमति नहीं ली है। इतना ही नहीं फैक्ट्री के पास भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का भी वैध लाइसेंस नहीं है। बिना एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के दूषित पानी सीधे बाहर छोड़ा जा रहा है, जिससे इलाके में सफेद जहरीले पानी का तालाब बन गया है।

### खेत और जल स्रोत हो रहे प्रदूषित

फैक्ट्री से निकलने वाला यह तेजाबी और बदबूदार पानी न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, बल्कि किसानों के खेतों में घुसकर मिट्टी की उर्वरक शक्ति को भी नष्ट कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस जहरीले पानी की दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। डर है कि यह



दूषित पानी क्षेत्र की जीवनरेखा जमोनिया डैम में मिलकर पूरे जल स्रोत को जहरीला बना सकता है।

### कटेगी बिजली, निरस्त होगी लीज

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला उद्योग महाप्रबंधक ने फैक्ट्री संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। श्री वर्मा ने स्पष्ट किया है कि फैक्ट्री को तत्काल प्रोडक्शन बंद करने का आदेश दिया गया है। विभाग ने बिजली कंपनी को पत्र लिखकर फैक्ट्री का विद्युत कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं। श्री वर्मा ने बताया कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला और नियमों का पालन नहीं किया गया तो फैक्ट्री की जमीन की लीज निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### नहीं है जरूरी अनुमतियां

सचिन इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदूषण फैलाए जाने की पुष्टि हुई है। इनके पास आवश्यक अनुमतियां भी नहीं हैं। हमने नोटिस जारी कर उत्पादन रोकने को कहा है। लापरवाही जारी रही तो लीज निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**अनुराग वर्मा,** महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सीहोर

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 7 फरवरी को अमलाह आएंगे

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 7 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे सीहोर जिले के अमलाहा स्थित इकार्डा पहुंचेंगे और वहां आयोजित दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 5:45 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान 8 फरवरी को भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11:15 बजे सीहोर जिले भैरूंदा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे सतदेव पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 04:15 बजे ग्राम वासुदेव पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 5 बजे ग्राम सुकरवास पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 6 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी, 38 हजार से छात्र होंगे शामिल, 101 केंद्र बनाए, 5 को किया अतिसंवेदनशील घोषित

**सीहोर।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस साल जिले में कुल 38,011 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। इनमें कक्षा 10वीं के 20,749 और कक्षा 12वीं के 17,262 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 5 परीक्षा केंद्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्षों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा के दौरान जिला और विकासखंड स्तर पर निरीक्षण दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। वहीं अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष प्रेक्षकों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और परीक्षा सही तरीके से संपन्न हो सके।




## विधायक सुदेश राय ने किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि-पूजन

# सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा सुविधाजनक सामुदायिक भवनः विधायक राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने गुरुवार को ग्राम सोठी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों की विशेष उपस्थिति में मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के उपरांत ग्राम पंचायत सरपंच रीना बृजेश अहिरवार एवं पंचों और ग्राम वासियों के द्वारा विधायक सुदेश राय का फूल मालाए पहना कर स्वागत कर सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम वासियों से चर्चा भी की और शीघ्र ही



समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक सुदेश राय ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रभारी मंत्री कृष्णा सांसद आलोक शर्मा के द्वारा ग्राम विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक निधि के माध्यम से ग्राम पंचायत के द्वारा बनाए जाने वाला सामुदायिक भवन सुविधाजनक होगा। सुरक्षित खिड़की दरवाजों के साथ लेट बाथ और बिजली की भी समुचित व्यवस्था रहेगी।

सामुदायिक भवन में धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम आसानी से होंगे। सामुदायिक भवन का लाभ पूरे गांव को मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच स्थानीय ग्रामीणजन जन प्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीहोर बनेगा देश की 'दालों का केंद्र', अमलाहा में जुटेगा 9 राज्यों के कृषि मंत्रियों का जमावड़ा

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता**

**दलहन उत्पादन और चुनौतियों पर होगा महामंथन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अमलाहा क्षेत्र 7 फरवरी को देश की कृषि राजनीति और अनुसंधान का मुख्य केंद्र बनने जा रहा है। यहां आयोजित होने वाले दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 9 प्रमुख राज्यों के कृषि मंत्री शिरकत करेंगे। इस बड़े आयोजन में दालों के उत्पादन को बढ़ाने, वर्तमान चुनौतियों से निपटने और भविष्य की नई संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

सम्मेलन की कमान खुद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान संभालेंगे। उनके साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, बीज उत्पादक संस्थाएं, दाल उद्योग के बड़े प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो देश को दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का खाका तैयार करेंगे।

### ये दिग्गज मंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन की गरिमा बढ़ाने के लिए अलग-अलग राज्यों के कृषि मंत्री सीहोर पहुँच रहे हैं। इनमें शामिल हैं मध्यप्रदेश से एदल सिंह कंसाना, उत्तर प्रदेश से सूर्य प्रताप शाही, पंजाब से सरदार गुरमीत सिंह खुडियन, हरियाणा से श्याम सिंह राणा, छत्तीसगढ़ से रामविचार नेताम, बिहार से राम कृपाल यादव, गुजरात से रमेशभाई कटारा, ओडिशा से कनक वर्धन सिंह देव, पश्चिम बंगाल से सोवानदेव चट्टोपाध्याय शामिल होंगे।

**क्यों खास है यह सम्मेलन :** अमलाहा में होने वाली इस चर्चा में दलहन उत्पादक राज्यों के बीच समन्वय और नई तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए दलहन फसलों को बढ़ावा देना है।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में सरसों कटाई का काम हुआ शुरू



**भौरासा।** क्षेत्र के आसपास के गांव में पहाड़ी इलाकों में सरसों की कटाई का काम जोरों पर शुरू हो गया है। गत वर्ष को देखते हुए इस वर्ष 15 दिन पहले ही फसल कटाई का काम शुरू हुआ है। नई-नई आधुनिक मशीनों द्वारा फसल की हार्वेस्टिंग की जा रही है। मशीन के द्वारा कम खर्चे में काम हो जाता है। 4 दिनो का काम चंद घंटे में पूरा हो जाता है। सोयाबीन के वायरस की मार और गत वर्ष लहसुन प्याज के भाव न मिलने के कारण अब सरसों,गेहूं, चना पर किसानो की उम्मीद टिकी है।

### मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कार्यशाला हुई

**देवास।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 'मिशन वात्सल्य योजना' अंतर्गत देवास में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चयनित पॉक्सो सपोर्ट पर्सन और अन्य स्टेकहोल्डर्स को कानूनी व मनोवैज्ञानिक पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एकता जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय समन्वयक दीपेश चौकसे ने प्रतिभागियों को तकनीकी और व्यावहारिक बारीकियों से अवगत कराया। कार्यशाला में कानूनी प्रक्रिया के दौरान मानसिक संबल प्रदान करने पर विस्तृत चर्चा गई।

### थाना कमलापुर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, किया अंधेकत्ल का पर्दाफाश

# निजी कारणों के चलते जंगल ले जाकर लोहे के पाइप से की थी दोस्त की हत्या

**पुलिस को गुमराह करने के लिए घटनास्थल पर ही रहा मौजूद रहा आरोपी, सघन विवेचना में हुआ बेनकाब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




01फरवरी को थाना कमलापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भमोरी के समीप जंगल के सुनसान मार्ग पर दोपहर लगभग 12:55 बजे सतीश पाटीदार उम्र 35 वर्ष निवासी करनावद की अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी कमलापुर मय फोर्स के तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे एवं घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। साथ ही उक्त घटना की वरिष्ठ अधिकारियो को जानकारी दी थाना कमलापुर में अपराध क्रमांक 30/2026 धारा 103 (1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा उक्त घटना में शामिल आरोपियो की गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चैक किये गये । विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही जितेन्द्र पिता धूलचंद पाटीदार उम्र 35 वर्ष निवासी करनावद को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर प्रारंभिक पुछताछ में आरोपी ने मृतक सतीश की हत्या कारित करना स्वीकार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मृतक सतीश पाटीदार व आरोपी के मध्य आपसी मतभेद के चलते उसने हत्या की योजना बनाई।सूत्रों के अनुसार आरोपी का मृतक के साथ निजी कारणों के चलते विवाद गहराया गया था।जिसके चलते जंगल ले जाकर नुकीले लोहे के पाइप से की उसने अपने दोस्त की हत्या कर दी। 1 जनवरी को आरोपी ने मृतक को आलू का खेत दिखाने के बहाने जंगल के सुनसान मार्ग पर बुलाया। मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने नुकीला लोहे के पाइप से मृतक के सिर पर जोरदार हमला किया,जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरोपी पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से स्वयं घटनास्थल पर उपस्थित होकर ग्रामीणों के बीच चर्चा करता रहा ताकि उस पर किसी प्रकार का संदेह न हो । पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप एवं मोटरसाईकिल जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त नुकीले लोहे का पाइप एवं मोटर साईकिल के साथ आरोपीजितेन्द्र पिता धूलचंद पाटीदार, उम्र 35 वर्ष, निवासी करनावद को गिरफ्तार किया।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, चौकी प्रभारी करनावदउनि चिंतामणि चौहान,प्रधान आरक्षक अरुण आर्य,राजेंद्र शर्मा,भगवती प्रसाद खरे,सचिन




कश्यप,सत्यप्रकाश मिश्रा,रायचंद झोडिया,आरक्षक अरुण वर्मा,बलराम परमार,दिलीप सोलंकीएवं सायबर सेल टीम से प्रधान आरक्षक सचिन चौहान एवं शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।

# किसानों के साथ उद्यमियों और खरीदारों ने एक साथ किया मंच साझा

**किसान मेला हुआ आयोजित**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों, उद्यमियों और खरीदारों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से देवास में भरतखंड कन्सॉर्श्यम एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। जिससे कृषि उत्पादों, तकनीकी नवाचारों और व्यावसायिक अवसरों का आदान-प्रदान हो सके।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवास संजीव कुमार जैन, डायरेक्टर सोपा डीएन पाठक, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र आरपी शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। अपर कलेक्टर संजीव जैन ने किसान मेला के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा की यह एक महत्वपूर्ण पहल है,जो किसानों को बाजार से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है। भरतखंड कंसोर्टियम का गठन किसान उत्पादक संगठनों (FPOs), को संस्थागत मजबूती, व्यवसाय विकास और बाज़ार से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। देवास में भरतखंड एफपीओ हब की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के किसान उत्पादक संगठनों को व्यवसायिक मजबूती, बाज़ार से जोड़ना और किसानों की आय बढ़ाने के लिए समेकित सहयोग प्रदान करना है।किसान मेला में खरीदारों और विक्रेताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद हुआ, जिससे व्यापारिक अवसरों के विस्तार और कृषि उत्पादों के विपणन को नई दिशा मिली।

इस दौरान सोया उत्पादों एवं अन्य कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। खरीदारों और विक्रेताओं के बीच व्यावसायिक समझौते हुए। कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग, आत्मा एवं वित्तीय संस्थाओं द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। स्थानीय किसान उत्पादन संगठन उद्यमियों को प्रात्साहित किया गया। उप संचालक कृषि ने बताया कि आयोजन देवास जिले के कृषि एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# विधायक गायत्री राजे पवार ने शहर के 5 वार्डों में किया 80 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में शुक्रवार को 80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक गायत्री राजे पवार ने महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन और विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ इन कार्यों की आधारशिला रखी।

80 लाख की राशि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का वार्ड क्रमांक 4, 15, 16, 19 और 42 में सी.सी. रोड़, पेवर्स ब्लॉक, सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।विधायक पवार ने वार्ड क्रमांक 4 में 10 लाख की लागत से सी.सी. रोड़ निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 16 में 20 लाख की लागत से पेवर्स ब्लॉक तथा वार्ड 15 में 20 लाख की लागत से पेवर्स ब्लॉक वहीं वार्ड 19 में 20 लाख की लागत से गौतम नगर स्थित शीतला माता मंदिर गार्डन की बाउन्ड्री वॉल निर्माण एवं पेवर्स ब्लॉक, वार्ड 42 में 10 लाख की लागत से बालाजी नगर में सामाजिक सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।इस अवसर पर विधायक पवार हुए कहा कि देवास के 45 ही वार्डों में बिना कोई भेदभाव से हो रहे विकास कार्य की गति ओर तेजी से बढ़ेगी जो कार्य पूर्ण हो चुके है उन कार्यों के लोकपर्ण के साथ शेष कार्यों का शीघ्र भूमि पूजन किया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा का सामग्री वितरण कार्य हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सामग्री का वितरण शुरू हो गया है। जिले के कुल 101 परीक्षा केंद्रों पर यह सामग्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचाई जा रही है।उत्कृष्ट विद्यालय से परीक्षा सामग्री को बसों के माध्यम से निर्धारित केंद्रों तक भेजा जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधीर कुमार सोमानी ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार यह प्रक्रिया जारी है।

सोमानी के अनुसार शुक्रवार को कन्नौद, खातेगांव और बागली क्षेत्र के 50 परीक्षा केंद्रों पर सामग्री वितरित की गई है। शेष 51 केंद्रों, जिनमें देवास, सोनकच्छ और टोंकखुर्द क्षेत्र शामिल हैं, पर शनिवार को परीक्षा सामग्री का वितरण किया जाएगा।जिला प्रशासन ने फरवरी-मार्च 2026 में होने वाली इन परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारु रूप से कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

# एडवोकेट प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के अभिभाषकों के लिए खेल और उत्साह से भरा आयोजन होने जा रहा है। जिला अभिभाषक क्रिकेट टीम के तत्वाधान में "एडवोकेट प्रीमियर लीग – टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026" का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी 2026 को पुलिस ग्राउंड, पुलिस लाइन राधागंज, देवास (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। टूर्नामेंट संयोजक गोविन्द जोशी एवं सह संयोजक श्वेतांक राज शुक्ला ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 7 फरवरी को प्रातः 8 बजे से होगा। प्रतियोगिता की व्यवस्थाएँ अंतिम चरण में हैं और तैयारियां तेज़ी से जारी हैं। प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच में 6–6 ओवर खेले जाएंगे। जिलेभर से 22 अभिभाषक टीमों की भागीदारी तय हो चुकी है, जिनमें 7 टीमें महिला अभिभाषकों की होंगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 5100 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 2100 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। महिला वर्ग की विजेता टीम को भी ट्रॉफी एवं नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सभी प्रतिभागी अभिभाषक खिलाड़ियों को समापन समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट खेल भावना के साथ अभिभाषकों के बीच आपसी सौहार्द और टीम स्पिरिट को भी मजबूत करने का अवसर बनेगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में संकेत सोलंकी, आयुष महाजन, आयुष तिवारी, रजत पंड्या, समीर खान, इंदरजीत शर्मा, महेंद्र सिंह राणावत, संतोष वर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, विष्णु गहलोत आदि अन्य अभिभाषक तैयारी में लगे हुए हैं।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात) एचएन बाथम, जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान तथा थाना प्रभारी यातायात पवन कुमार बागड़ी की उपस्थिति में जिले से संचालित बस संचालकों, मैजिक संचालकों, ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सभी वाहन संचालकों एवं चालकों को स्पष्ट एवं कड़े शब्दों में निर्देशित किया गया कि वे यातायात नियमों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। बस चालकों एवं परिचालकों को निर्धारित वर्दी धारण करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार न करने तथा सुरक्षित एवं अनुशासित ढंग से वाहन संचालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी वाहनों के वैध दस्तावेज पूर्ण रखने एवं नियमानुसार ही परिवहन कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई।इस अवसर पर यह स्पष्ट किया गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नियमों के विरुद्ध किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### केंद्रीय बजट 2026 पर भाजपा की पत्रकार वार्ता, विकास, निवेश और रोजगार पर जोर

# बजट से डिजीटल निवेश, रोजगार सृजन में आएगी तेजी: मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को केंद्रीय बजट 2026 को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है।

इसमें गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास, जन आकांक्षाओं की पूर्ति और सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना स्पष्ट दिखाई देती है। राजकोषीय घाटा कम करने, पूंजीगत व्यय बढ़ाने, हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश जैसे निर्णय देश को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**मंत्री काश्यप ने उद्योग, निवेश और रोजगार पर दिया जोर**

प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री चेतन काश्यप ने कहा कि यह बजट युवा शक्ति प्रेरित बजट है जिसका उद्देश्य तेज और सतत आर्थिक वृद्धि, क्षमता निर्माण और सभी क्षेत्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन, औद्योगिक कॉरिडोर, एमएसएमई सेक्टर सशक्तिकरण, सेवा क्षेत्र विस्तार और नई तकनीकों में निवेश से मध्यप्रदेश में हाई टेक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे डिजिटल निवेश, नवाचार आधारित उद्यमिता और रोजगार सृजन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि बजट में पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के पुनर्जीवन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। बजट में महिला छात्रावास स्थापना, सेवा क्षेत्र विस्तार, हेल्थ सेक्टर सुधार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं पर राहत, हेल्थ प्रोफेशनल्स प्रशिक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रावधान शामिल हैं। लखपति दीदी योजना, पशुपालन प्रोत्साहन, अमृत सरोवर योजना और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने वाले निर्णय ग्रामीण रोजगार और स्वरोजगार को नई दिशा देंगे। सेवा क्षेत्र, आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश से मध्यप्रदेश को नया आर्थिक आधार मिलेगा।पत्रकार वार्ता में कहा गया कि कंटेंट क्रिएटर लैब, पर्यटन गाइड प्रशिक्षण, खेल प्रोत्साहन और औद्योगिक निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह, सह मीडिया प्रभारी प्रतीक सोलंकी तथा दिनेश सांखला उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों को चार-चार वर्ष की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आरक्षित केंद्र बरोठा के अपराध क्रमांक 540/2023, अपराध धारा 306 के अपराध में रुबीना बी पति वहीद मंसूरी, इरफान पिता फरीद खान को तृतीय सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार के न्यायालय ने आरोपियों को चार-चार वर्ष का श्रम कारावास व रु 20000 के दंड की सजा सुनाई। आरक्षी केंद्र बरोठा के अंतर्गत ग्राम सिवनी काकड़ डबल चौकी में 19 दिसंबर 23 को रात्रि 9:00 बजे वहीद मंसूरी ने उसकी पत्नी रुबीना, सास रजिया बी, इरफान बी के द्वारा दुष्प्रेरित करने का सामान्य आशय निर्मित किया, जिससे वहीद मंसूरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभियोजन की ओर से शासकीय अभिभाषक मनोज श्रीवास ने बताया कि अभियोजन ने कुल 16 गवाह के साक्ष्य न्यायालय के समक्ष करवाए, व बचाव पक्ष ने कुल 3 गवाह न्यायालय में करवाए थे। प्रकरण में मृतक का सुसाइड नोट व उसके अन्य दस्तावेज उसकी हस्तलिपि जांच हेतु फॉरेंसिक लैब पहुंचाए गए, व जांच करने वाले अधिकारी के कथन न्यायालय के समक्ष कराए गए। प्रकरण की प्रभावी पैरवी मनोज श्रीवास, शासकीय अभिभाषक द्वारा की गई। अपराध का अनुसंधान उनि सचिन सोनगरा ने किया। न्यायालय में कोर्ट मुंशी लखन गेहलोद का सहयोग रहा। आत्महत्या के प्रकरण में सजा का अनुपात बहुत कम रहता है।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में अभाविप की इकाई का गठन

**ललितपुर।** महाविद्यालय (जय बुंदेल खंड लॉ कॉलेज ) का हुआ इकाई गठन, जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा के साथ नगर मेडीविजन संयोजक नयन शर्मा जी समेत अन्यकार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। नवीन इकाई में अध्यक्ष हर्ष श्रीवास्तव , इकाई मंत्री धीरज सिंह तोमर बने, साथ इकाई का विस्तार हुआ जिसमें निम्न दायित्व इस प्रकार हैं। इकाई उपाधयक्ष, अर्जित खरे, विशाल, इकाई सह मंत्री, अंशु सिंह, आदर्श, खेलों भारत संयोजक, आशीष अहिरवार, सह संयोजक, हितिष कोशिक, चन्द्रपाल यादव, सह संयोजक, ओमका दुबे, धीरज झा, सह संयोजक, सूर्यांश राजा, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, रानी कुशवाहा, सह संयोजक, गरकी समाधिया, कार्यकारिणी सदस्य, महेंद्र कुमार, सुरेंद्र रजक, की घोषणा संपन्न हुई।।

### अदालत के आदेश पर संपत्ति की जांच की मांग

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद अयाज उर्फ बब्लू ने अपने रिश्तेदारों पर करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्तियों को हड़पने के लिए फर्जी वसीयत तैयार करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ललितपुर में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने और पुलिस जांच कराए जाने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके चाचा स्व. अब्दुल रसीद विदेशों में कार्यरत एक योग्य मैनेजमेंट प्रोफेशनल थे, जिन्होंने ललितपुर और मुंबई में कई चल-अचल संपत्तियां अर्जित की थीं। संपत्तियों की देखरेख के लिए उन्होंने वर्ष 1985 में मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद जलील को मुख्तारनामा देकर केयरटेकर नियुक्त किया था। बताया गया कि स्व. अब्दुल रसीद ने वर्ष 2014 में मुंबई में पंजीकृत वसीयत के माध्यम से अपनी समस्त संपत्ति अपनी पत्नी शहनाज और बेटी फरीदा के नाम कर दी थी। इस वसीयत को बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2019 में प्रोबेट भी किया जा चुका है। आरोप है कि मोहम्मद जावेद, फाखरा बेगम, नजमा और सुहेल सहित अन्य लोगों ने साजिश के तहत 6 मार्च 2007 की एक फर्जी वसीयत तैयार की, जिसमें स्व. अब्दुल रसीद के कूटरचित हस्ताक्षर दर्शाकर उनकी आधी संपत्ति मोहम्मद जलील के नाम करने का दावा किया गया। जबकि स्व. अब्दुल रसीद की मृत्यु वर्ष 2014 में और मोहम्मद जलील की मृत्यु वर्ष 2021 में हो चुकी है। पीड़ित का कहना है कि उक्त फर्जी वसीयत के आधार पर सिविल न्यायालय में झूठा वाद भी दायर किया गया। वसीयत की प्रति मिलने पर हस्तलेख एवं फोरेंसिक विशेषज्ञों से जांच कराई गई, जिसमें हस्ताक्षर पूरी तरह फर्जी पाए गए। मामले की शिकायत पहले मुंबई में दी गई, जहां क्षेत्राधिकार का हवाला देकर ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। इसके बाद प्रार्थी ने कोतवाली ललितपुर और पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब न्यायालय से आग्रह किया गया है कि कोतवाली ललितपुर पुलिस को धोखाधड़ी, कूटरचना, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया जाए, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर विवेचना शुरू कर दी।

### नवीन गल्ला मंडी में बदहाली

**ललितपुर।** जनपद की प्रतिष्ठित नवीन गल्ला मंडी, जहां रोजाना करोड़ों रुपये का अनाज टर्नओवर होता है और प्रदेश को बड़ा राजस्व मिलता है, आज वह अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यहां चबूतरो के आस-पास भारी गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है, जिससे उठ रही भीषण दुर्गंध ने अन्नदाताओं और व्यापारियों का सांस लेना दूभर कर दिया है।

## जिला प्रशासन ने त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने आयोजित की बैठक

# ईद उल फितर त्योहार प्रेम, सौहार्द्र व भाईचारे से मनाएंः सत्य प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने आगामी महीनों में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों यथा दिनाँक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि, 2 मार्च को होलिका दहन, 21 मार्च को ईद उल फितर आदि त्योहार पर शॉन्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद ललितपुर बहुत शान्तिप्रिय है, यहां के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाते आये हैं, आगामी त्योहारों को भी आपसी सामन्जस्य के साथ मनायेंगे।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं आयोजन स्थलों पर निरंतर निगरानी करेंगे, आयोजन समितियों के सम्पर्क में रहेंगे, उनके मोबाइल नम्बरों की सूची अपने पास रखेंगे। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान कोई भी नई परम्परा शुरू नहीं की जाएगी, पूर्व की भांति निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार आयोजन किये जायेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, ईओ, डीपीआरओ, विद्युत, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम बनाकर आयोजन स्थलों का भ्रमण कर लें और व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान जनपद में साफ-सफाई एवं निर्बाध रुप से पेयजल व विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये, इसके लिए पशुपालकों को नोटिस दिये जायें।

### स्ट्रीट लाइटों, सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराया जाए

जिलाधिकारी ने त्योहारों की श्रंखला के दौरान शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों, सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराया जाए, शहर के सभी आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, चूना, रंगोली आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आयोजक समितियों से अपील की कि आयोजन स्थलों पर वॉलेन्टियर तैनात करें, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचें। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जो सुझाव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये हैं,उन सभी पर अभी से कार्य शुरु कर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार से पूर्व उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने का प्रयास करें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की संभावना न रहे। सभी आयोजक समितियां आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें, साथ ही वॉलेंटियर्स के माध्यम से वीडियोग्राफी भी करवायें। यदि कोई संदिग्ध दिखाई दे तो तत्काल जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। सभी क्षेत्राधिकारी सुनिश्चित करें कि जनपद में महिला संबंधी अपराध न होने पाये। जनपदवासी सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, छीटाकसी जैसी पोस्ट शेयर न करें, सोशल मीडिया सेल के द्वारा सभी सोशल साइटों पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

### आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता का अनुरोध किया

बैठक में आयोजन समितियों के पदाधिकारियों ने आयोजन स्थलों की सफाइ, मार्गों के दुरुस्तीकरण, जर्जर तारों की मरम्मत, पेयजल की आपूर्ति, अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता हेतु अनुरोध किया, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया गया। कुछ गणमान्य नागरिकों ने नगर में कई सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित होना बताया, जिस पर तत्काल जल निगम व लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को बुलाकर उक्त सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र चौधरी, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं जल निगम, जल संस्थान, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अस्पताल परिसर में निर्माण

# विधायक ने दिव्यांगों के लिए शौचालय का किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य निर्देशन में एक अतिरिक्त दिव्यांग शौचालय तथा एक सामान्य शौचालय का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण कर उन्हें उपयोग हेतु प्रारंभ कराया गया। लोकार्पण विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। विधायक ने अस्पताल परिसर में उनके द्वारा कराए गए विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों की जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को दी। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है तथा वे भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। प्रधानाचार्य ने विधायक ने अस्पताल के विकास में किए जा रहे निरंतर सहयोग एवं योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में नवनिर्मित गार्ड रूम का भी लोकार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों, चिकित्सकों, समस्त स्टाफ, मरीजों एवं उनके तीमारदारों ने नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने हेतु सामूहिक रूप से शपथ ली। इस दौरान सीएमओ डा.गजेंद्र सिंह, डा.पवन सूद, डा.एम.सी. गुप्ता, डा.डी.के.राज, डा. हरेंद्र सिंह चौहान, डा.मधुरेंद्र, डा.उत्कर्ष, डा.कलीम, एस.के.तिवारी, डा.विशाल जैन, नंदलाल, सौरभ, पारुल सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंत में मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित किए गए।

## टीम गठित कर दिए आदेश

# डीएम ने अमृत योजना की खुदी सड़कों का हिसाब तलब किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अमृत योजना फेज-2 के तहत शहर को खोदकर लावारिस छोडऩे वाले अधिकारियों और ठेकेदारों की अब खैर नहीं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मामले में सीधा हस्तक्षेप करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। डीएम ने सख्त लहजे में जल निगम और संबंधित विभागों से उन सभी सड़कों की पॉइंट-टू-पॉइंट सूची तलब कर ली है, जिन्हें पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदा गया है। इस कदम से उन ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है जो खुदाई के बाद मरम्मत कार्य को ठंडे बस्ते में डाले हुए थे।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि कागजी दावों से काम नहीं चलेगा। उन्होंने जल निगम, जल संस्थान और नगर पालिका की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देशित किया है कि विभाग द्वारा दी गई खुदी सड़कों की सूची का धरातल पर सत्यापन किया जाएगा। डीएम ने दो टूक कहा है कि जिन सड़कों की सूची दी जाएगी, उनकी मरम्मत की समय-सीमा भी तय की जाए। जिलाधिकारी खुद इस सूची के आधार पर रैंडम निरीक्षण कर सकते हैं, जिससे जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार में खलबली मची है।

### मानकों की अनदेखी एक मीटर की जगह महज एक फीट खुदाई

योजना के क्रियान्वयन पर सबसे बड़ा सवाल पाइपलाइन की गहराई को लेकर उठ रहा है। नियमानुसार, पाइपलाइन बिछाने के लिए कम से कम एक मीटर की गहराई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में सड़क पर भारी वाहनों के दबाव से पाइप न फटें।हालांकि शहरवासियों का आरोप है कि कई मोहल्लों में पाइप महज एक फिट की गहराई पर डाल दिए गए हैं। मानकों को खुलेआम दरकिनार किया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो, तो करोड़ों के इस प्रोजेक्ट में बड़ी गड़बड़ी उजागर हो सकती है।

### मरम्मत में भ्रष्टाचार बालू की जगह एम-सैंड का खेल

सड़कों की मरम्मत का कार्य भी विवादों के घेरे में है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि खुदाई के बाद सड़क को पूर्ववत करने के लिए गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।निर्माण कार्य में बालू के स्थान पर एम-सैंड का प्रयोग हो रहा है, जिससे सड़क की पकड़ बेहद कमजोर है। पहली बारिश या भारी यातायात के दबाव में ये सड़कें फिर से धंस जाएंगी।

# नाली पर अवैध कब्जे से जलनिकासी बाधित, लोगों ने डीएम से लगाई गुहार



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला रावतयाना चौकबाग, वार्ड संख्या 14 में जल निकासी की गंभीर समस्या सामने आई है। नाली पर अवैध कब्जे के कारण सड़क पर पानी भरने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मोहल्ले में लगभग 20 वर्ष पुरानी सार्वजनिक नाली स्थित है, जिस पर दो व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि नाली को दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया है, जिससे नाली का पानी सड़क पर बहने लगता है। इससे न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों एवं स्कूली बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। रात के समय सड़क पर भरे पानी के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को पहले ही इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि मौके पर जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए और नाली की साफ-सफाई एवं मरम्मत कराकर जलनिकासी की व्यवस्था सुचारु की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की अपील की है, जिससे क्षेत्र में जनजीवन सामान्य हो सके। ज्ञापन देते समय अंकित, जयराम, रमेशप्रसाद, जयराम, मुन्नालाल, धर्मवीर सिंह, हाकिम सिंह, भोगीराम आदि मौजूद रहे।

# आज तालबेहट में समस्याओं को सुनेंगे जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनवरी से जून 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। समाधान दिवस प्रत्येक निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जारी रोस्टर के अनुसार समाधान दिवस का आयोजन जिले की सभी तहसीलों पाली, ललितपुर, महरौनी, मड़ावरा एवं तालबेहट में क्रमवार किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी, जबकि संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। रोस्टर के अनुसार 5 जनवरी 2026 (सोमवार) को समाधान दिवस का आयोजन पाली तहसील में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। इसी प्रकार 17 जनवरी 2026 को मड़ावरा, 7 फरवरी को तालबेहट, 21 फरवरी को ललितपुर तथा 7 मार्च 2026 को महरौनी तहसील में समाधान दिवस आयोजित होगा। इसके बाद 23 मार्च को पाली, 4 अप्रैल को मड़ावरा, 18 अप्रैल को तालबेहट, 2 मई को ललितपुर, 16 मई को महरौनी, 6 जून को पाली तथा 20 जून 2026 को मड़ावरा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रस्तावित है।

# विशेष एमआर अभियान 16 से 27 फरवरी तक चलाया जाएगा

ललितपुर। जिले में खसरा और रूबेला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 से 27 फरवरी तक विशेष एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने खसरा और रूबेला जैसी जानलेवा बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान के नए चरण की घोषणा की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य 5 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों को लक्षित करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाले समय में इन बीमारियों का पूर्ण उन्मूलन किया जा सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. शिवप्रकाश ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा त्रि-स्तरीय रणनीति अपनाई गई है। इसके तहत स्कूलों में विशेष टीकाकरण सत्र, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम व जिला स्तर पर सघन निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। टीकाकरण के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने के लिए सामुदायिक नेताओं और धार्मिक गुरुओं को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को इस जीवनरक्षक टीके की दूसरी खुराक अवश्य दिलवाएं, भले ही पहले टीकाकरण हो चुका हो, क्योंकि अतिरिक्त खुराक बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाती है। अभियान के अंतर्गत रियल-टाइम डेटा के आधार पर टीकाकरण की निगरानी की जाएगी। इसके लिए जिला स्तरीय डैशबोर्ड और रिपोर्टिंग सिस्टम को सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। खसरा रोग के बारे में जानकारी देते हुए पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि खसरा एक अत्यंत संक्रामक वायरल बीमारी है।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण, निर्देश दिए



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करनेप्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। डायल 112 की पीआरवी 2909 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने, उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# भूमि विवाद को लेकर अपील लंबित रहते बिक्री पर रोक, यथास्थिति रखने निर्देश

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के ग्राम हद बाहर, नगर पालिका क्षेत्र स्थित विवादित कृषि भूमि को लेकर चल रहे लंबे राजस्व विवाद में न्यायालय अपर आयुक्त, झांसी मंडल द्वारा महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है। अपील संख्या 2556/2025 (शशिशंकर चौबे बनाम हरनाम सिंह आदि) में न्यायालय ने 7 जनवरी को विवादित आराजी के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

यह अपील उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 207 के अंतर्गत दाखिल की गई है। प्रकरण में आरोप है कि विवादित भूमि में शामिल सह-खातेदार प्रभावशाली एवं भू-माफिया किस्म के व्यक्ति हैं, जिन्हें अपील की जानकारी होने के बावजूद वे भूमि का अवैध रूप से विक्रय कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवमानना की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता शशिशंकर चौबे, निवासी मोहल्ला तालाबपुरा, तहसील एवं जनपद ललितपुर द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार विवादित भूमि कई खातों एवं आराजियों में दर्ज है, जिनका कुल रकवा लगभग 13 बीघा से अधिक बताया गया है। यह भूमि नगर पालिका ललितपुर की सीमा में स्थित है तथा कृषि योग्य बताई गई है। प्रकरण में पहले उप जिलाधिकारी (प्रथम), ललितपुर के न्यायालय में धारा 116 के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसे 17 नवम्बर 2025 को पोषणीयता के अभाव में निरस्त कर दिया गया। साथ ही उस वाद में पूर्व में पारित भूमि विक्रय रोक संबंधी आदेशों को भी समाप्त कर दिया गया था। इसके पश्चात पीडित द्वारा उक्त आदेश के विरुद्ध झांसी मंडल में अपील दाखिल की गई, जिस पर सुनवाई करते हुए अपर आयुक्त ने 07 जनवरी 2026 को महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया। शिकायतकर्ता ने तहसीलदार ललितपुर को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि अपर आयुक्त, झांसी मंडल द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विवादित भूमि का क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

## ललितपुर इलेवन और आरसीबी ने अपने मैच जीते

# एमएलए कप 2026: गत चैंपियन चीरा टूर्नामेंट से बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में शुक्रवार को हुये मैचों 2 टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहला मैच में ललितपुर एलेवन व राज क्रिकेट क्लब चीरा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते राज क्रिकेट क्लब चीरा ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 112 रन का लक्ष्य रखा। तो वहीं ललितपुर एलेवन ने 11 ओवर में आठ विकेट खोकर जीत हासिल की और पिछले चैंपियन को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दूसरा मैच रॉयल चैंलेज बुंदेलखंड व सिरसी एलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये सिरसी एलेवन ने 12 ओवर में सात विकेट खोकर 113 रन बनाए। तो वहीं रॉयल चैंलेज बुंदेलखंड ने सिर्फ 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 119 रन ठोककर जीत हासिल की। गेंदबाजी/बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नाज अहमद और विवेक यादव को मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाडियों को सम्मानित किया। इस दौरान दीपेश राय, अभिषेक सोनी, दीपक चौरसिया, धर्मेन्द्र राजा, दीपक राठौर, मोहन पेंटर, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, अनुराग कंचन, विनोद पाठक, धर्मवीर कुशवाहा पार्षद, करन कुशवाहा पार्षद प्रतिनिधि, राजू कुशवाहा, उदल कुशवाहा, रोशन कुशवाहा, राकेश त्रिवेदी सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

### आज होगी वूमेन क्रिकेट की रोमांचक भिड़ंत

टूर्नामेंट में मुख्य आर्कषण के तौर पर आज साक्षी बुंदेला के नेतृत्व में ललितपुर क्रिकेट एकेडमी और क्रिस्टी राजा के नेतृत्व में निशि क्रिकेट एकेडमी का मैच सुबह 10 बजे से होगा। आयोजक श्रीकांत कुशवाहा ने बताया कि मैच का उद्देश्य वूमेन क्रिकेट को बढ़ावा देना है ताकि ऐसी प्रतिभाएं निखर के सामने आये, जो राष्ट्रीय पटल पर जनपद का नाम रोशन करें।

### 2026-47 में स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता पर जोर

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में काफी मजबूत कदमः मंत्री टेटवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय बजट 2026 को देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करने वाला है।

उन्होंने कहा कि बजट में समावेशी विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देते हुए किसान, युवा, महिलाएं, श्रमिक, मध्यम वर्ग और उद्योग सहित सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने के प्रावधान किए गए हैं। डॉ. टेटवाल ने बताया कि बजट में गरीब कल्याण, कृषि विकास, रोजगार सृजन और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, सिंचाई, भंडारण और ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे मध्यप्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्य को सीधा लाभ मिलेगा। युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों को बढ़ावा देकर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। साथ ही महिला सशक्तिकरण के तहत महिला उद्यमिता, स्व-सहायता समूह, मातृ स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।

#### शिक्षा में महिलाओं की बढेगी भागीदारी

शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास को लेकर उन्होंने कहा कि हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाएंगे, जिससे महिलाओं की उच्च शिक्षा में भागीदारी बढ़ेगी। स्कूल और कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब तथा डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। इस बार स्कूल और उच्च शिक्षा बजट में 8.27 प्रतिशत तथा कौशल विकास में 62 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। धार्मिक नगरों के विकास के लिए 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए बायोगैस, सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल उपकरणों पर आयात शुल्क में कमी की गई है।

#### स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 1000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में डायलिसिस यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिससे क्षेत्र के किडनी मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाकर महंगा इलाज नहीं कराना पड़ेगा। साथ ही 4000 स्क्वेयर फीट क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। मंत्री टेटवाल ने बताया कि सिविल अस्पताल के पुराने भवन को हटाकर अस्पताल के सौंदर्य करण का प्रस्ताव भेजा गया है तथा अस्पताल कॉलोनी में नए डुप्लेक्स क्वार्टर निर्माण की स्वीकृति के लिए भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अस्पताल परिसर में शीघ्र रेन बसेरा प्रारंभ किया जाएगा तथा दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना शुरू की जाएगी। विधायक निधि से 10 लाख 50 हजार रुपए की एटीएम हेल्थ मशीन स्वीकृत की गई है, जिससे अस्पताल में ही आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि बालोड़ी एवं भूमका में 43 लाख रुपए की लागत से नए सब हेल्थ सेंटर का लोकार्पण किया जा चुका है। वहीं करोंदी, मऊ, सरेडी सराली एवं नेनावाडा में 55 लाख रुपए की लागत से सब हेल्थ सेंटर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा धनोरा, भ्याना, ब्यावरा मांडू, पाठक्या, चाकरोद एवं चिडलावनिया में पुराने सब हेल्थ सेंटर भवनों के उन्नयन को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पढ़ाना में बाउंड्री वाल निर्माण तथा घमंदा में दो नए क्वार्टर निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा महिला चिकित्सक की ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत पर मंत्री टेटवाल ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को सभी चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि डॉ. सरिता यादव की पुनः नियुक्ति की गई है, डॉ. अंकुर देशवाली की एमडीएमसी पद पर नियुक्ति सिविल अस्पताल सारंगपुर में की गई है तथा डॉ. जय सिंह बघेल की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, निर्मल जैन, सुधीर श्रीमाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# फेयरवेल पार्टी में हुए होली एंजल्स व केडीपीएस के विद्यार्थी अनुशासनहीन

### हाइवे पर जाम, यातायात पुलिस ने वाहनों के काटे चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों द्वारा आयोजित फेरवेल कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करना छात्रों एवं वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने कुरावर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की और फेरवेल जुलूस में शामिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार को नगर के नेशनल हाइवे पर स्थित एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर नगर से विद्यालय तक मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई छात्र तेज गति से चलती कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए, वाहन के गेट पर बैठकर सेल्फी लेते हुए तथा शोर-शराबा करते नजर आए। नेशनल हाइवे जैसे अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार का कृत्य न केवल छात्रों की जान के लिए जोखिमपूर्ण था, बल्कि आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना।यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। खबर लिखे जाने तक कुल 7 वाहनों में से 5 कार मालिकों की पहचान कर ली गई थी, जिन्हें थाने बुलाया गया। इनमें से 2 कारों एवं एक सांवरिया डीजे वाहन पर चालानी कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि शेष वाहनों की जानकारी जुटाई जा रही है।

#### बोले - थाना प्रभारी

थाना प्रभारी जितेंद्र मवई ने बताया कि, "हम अपनी ओर से शिक्षा विभाग को विद्यालयों की इस लापरवाही के संबंध में पत्र लिखेंगे। उसके बाद जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।"

विभिन्न कमियों पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

# लापरवाह कृषि अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में कलेक्टोरेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के जिलाधिकारी सहित मैदानी अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न मामलों में लापरवाही बरतने पर दंड स्वरूप जिले के 3 कृषि विस्तार अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि 1 वर्ष बढ़ाने के आदेश जिलाधीश द्वारा प्रदान किए गए। समीक्षा में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पाया कि कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा बीते महीनों में अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए भ्रमण से संबंधित जानकारी की प्रविष्टि ई-टूर प्लान में दर्ज नहीं की गई है। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं के विभिन्न घटकों के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति भी इन अधिकारियों नहीं की गई। उक्त लापरवाहियों पर कलेक्टर ने कृषि विस्तार अधिकारी खिलचीपुर सुश्री साक्षी साहू, कृषि विस्तार अधिकारी नरसिंहगढ़ प्रितेश पाटीदार एवं कृषि विस्तार अधिकारी सारंगपुर रोहित जाटव की तीन वर्षीय परिवीक्षा अवधि को, अवधि समाप्त होने की दिनांक से आगामी 1 वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

#### क्या है परिवीक्षा अवधि

परिवीक्षा अवधि नवनियुक्त अधिकारियों के लिए एक तरह का टेनिंग पीरियेड रहता है जिसमें उनके कार्य के प्रदर्शन, कार्यशैली आदि का मूल्यांकन उच्चाधिकारियों द्वारा किया जाता है। अवधि समाप्त होने के बाद ही संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को वे समस्त लाभ पूर्णतः मिल पाते हैं जो एक नियमित अधिकारी, कर्मचारी को मिलते हैं।

द्रुत गति से चल रहा भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना का कार्य

# राजगढ़ नगर की सीमा में पहली बार पहुंची मालगाड़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीते करीब 30 सालों से राजगढ़ नगर में रेल आने का इंतेजार कर रहे रहवासी शुक्रवार को खासे उत्साहित नजर आए। दरअसल 276 किलोमीटर लंबाई वाले भोपाल-रामगंज मंडी प्रोजेक्ट के तहत कल पहली बार राजगढ़ नगर की सीमा में कोई टेन पहुंची। हालांकि, यह एक मालगाड़ी थी लेकिन उसे देखने का ही इतना क्रेज नजर आया कि अनेकों लोग मालगाड़ी के साथ सेल्फी, वीडियो, फोटो लेते नजर आए।

आपको बतादें कि करीब 30 वर्षो पहले केंद्र सरकार ने भोपाल-रामगंज मंडी रेल परियोजना स्वीकृत की थी। शुरूआत में परियोजना की लागत महज 500 करोड़ थी लेकिन अनेकों कारणों से परियोजना में विलंब होता रहा। बाद में केंद्र सरकार ने इस परियोजना को अपने फास्टटेक प्रोजेक्ट में शामिल किया। बढ़ते-बढ़ते इस प्रोजेक्ट की लागत 3500 करोड़ तक पहुंच गई। इस प्रोजेक्ट के तहत अभी भोपाल सहित राजगढ़ जिले की सीमा में कई स्थानों पर पटरियां बिछाने सहित ब्रिज निर्माण के कार्य अभी बाकी हैं। विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि इस साल के अंत तक परियोजना पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, फिलहाल तक ऐसा संभव होता नजर नहीं आ रहा है।

# शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल नरसिंहगढ़ में वार्षिक समारोह का किया आयोजन




**नरसिंहगढ़।** शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल में 4 फरवरी 2026 को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय एसडीएम नरसिंहगढ़ श्री सुशील कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक समिति की अध्यक्ष एवं संचालिका डॉ. वंदना सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत एवं अभिनंदन से हुई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा दिव्यांशा ने किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ वंदना सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें, क्योंकि ये गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पालकों को बच्चों से मोबाइल न देने का भी आग्रह किया एवं बालक ओर बालिकाओं की संपूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विशेष रूप से वीर शिवाजी के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, कृष्ण लीला एवं महिषासुर मर्दिनी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति देने वाले छात्रों के नाम है शिवाय राठौर, अथर्व कश्यप,वैदिक व्यास,प्रियांशी साहू, नंदिनी शिवहरे,वैदिक झाला शौर्य व्रत सिंह आदि। मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रशासनिक सेवा में आने से पूर्व वे शिक्षक रहे हैं और आज भी उन्हें शिक्षण कार्य से गहरा लगाव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अपनी इच्छाओं का बोझ न डालें, बल्कि उन्हें स्वाभाविक रूप से आगे बढ़ने का अवसर दें ताकि वे बिना दबाव के खिल सकें। अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रबंधन को इतने सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण के लिए शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

# महाशिवरात्रि की तैयारीः बैजनाथ धाम में रंग और रोगन कार्य शुरू



**नरसिंहगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री बाबा बैजनाथ शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति द्वारा बैजनाथ धाम स्थित बड़ा महादेव मंदिर में रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य स्वरूप देने के लिए दीवारों, गर्भगृह ,पार्वती माता मंदिर एवं नगार खाना के आसपास के हिस्सों में रंग-रोगन किया जा रहा है। देवस्थान प्रबंधन समिति के अनुसार महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु आने की संभावना रहती है, इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुन्दर वातावरण में भगवान शिव के दर्शन का लाभ मिलेगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# यूजीसी के नए नियम 2026 के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन




**सारंगपुर।** उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को यूजीसी द्वारा प्रस्तावित "उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम, 2026" के समर्थन में एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन नियमों का उद्देश्य शिक्षा संस्थानों में भेदभाव समाप्त कर सभी वर्गों को समान अवसर देना है। प्रस्तावित नियमों के तहत प्रत्येक संस्थान में इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेंटर, इक्विटी कमेटी, इक्विटी स्क्वॉड, 24×7 हेल्पलाइन और इक्विटी एम्बेसडर जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से इन नियमों को शीघ्र लागू करने की मांग की। ज्ञापन पर कई प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर रहे। इस दौरान महेश वर्मा,दीपक बाल्मीकि,कैलाश जिसोदिया,कमल सिंह,अरविंद्र अहिरवार,कमल मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

### पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# 2 पशु चिकित्सकों की वेतनवृद्धि रोकी, कुछ को शोकाज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न विभागों के तहत चल रही योजनाओं के संबंध कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में लक्ष्यों के विरुद्ध कमतर प्रगति पाए जाने पर जिम्मेदारों की वेतनवृद्धि रोकने, शोकाज नोटिस सहित अन्य तल्ख कार्यवाहियां भी की जा रही हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के विरुद्ध अपेक्षाकृत कम प्रगति पाई गई। नरसिंहगढ़ में कामधेनु योजना के अंतर्गत प्रकरणों के समय पर स्वीकृत नहीं किए जाने पर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) वितरण योजना में ब्यावरा के निम्न प्रदर्शन पर डॉ. अनीता पवार एवं डॉ. श्रुति सुमन की एक वेतनवृद्धि रोक दी गई। साथ ही इस लापरवाही पर आयुक्त, पशुपालन विभाग से भी पत्राचार करने के निर्देश भी दिए गए। चलित पशु चिकित्सा इकाई में कॉल अटेंड नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए।

#### पशु टेगिंग के बगैर न दी जाए अनुदान राशि


कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि बिना पशु टैगिंग के किसी भी योजना अंतर्गत अनुदान नहीं दिया जाएगा। यदि ऐसा किया गया तो वितरित राशि संबंधित व्यक्तिगत डॉक्टर के वेतन से वसूली जाएगी। साथ ही प्रत्येक प्रकरण के स्वीकृत एवं डिस्बर्समेंट की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित डॉक्टर की होगी। बैठक में राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। सेक्स सॉर्टेड उपलब्धि में निम्न प्रदर्शन पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# नगर परिषद ने शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन लिए




**जीरापुर।** शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को योजना का त्वरित लाभ पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य से प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा शिव मंदिर रामलीला चैक में वार्ड क्रमांक 07, 08, 09 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित किया गया जिसमें लोगों की समस्या सुनकर आवेदन लिए गए। जहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई, नपा कर्मचारी रमेश मालवीय, ओंकार लाल मंडलोई, कमल भावसार, राकेश मंडलोई जसवंत दांगी, कमल मंडलोई, अजय दांगी राजेन्द्र खींची, मनोहर दांगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंगला गुप्ता एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुरे वर्ष भर विधालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया,जिसमे स्काउट एवं गाइड दल, रेडक्रास दल, पुलिस स्टूडेंट्स कैडेट्स, अनुशासन, विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम,पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता, शाला में सर्वाधिक उपस्थिति, खेलकूद योग सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

छात्रों को संबोधित करते हुए बीआरसी गजेन्द्र शर्मा ने आने वाली वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बारे में बताया। इसके पूर्व विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। समीति के अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने छात्रों को दिए गए अपने उद्बोधन में अपने जीवन में सफलता हासिल करने के टीप्स से समझाया एवं कहा कि हम अपनी बुद्धि से उत्कृष्ट , अपनी सूझबूझ से अग्रसर हो सकतें हैं लेकिन संतुष्टि से काम को करें तो हमें कोई हंसी का पात्र नहीं बना सकते हैं ऐसे में छात्रों को आने वाली वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन स्काउटर शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा ने किया। इस दौरान विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें देशभक्ति गीत, देश प्रेम , शायरी के माध्यम से शहीदों को याद किया तथा बताया कि देश के लिए चाहें हमने मिटना पड़े हम अपने देश पर आंच नहीं आने देंगे।

# विनोद देवी की आंखें सदा के लिए प्रकाशमान

**ब्यावरा।** जिले के तलेन में दूसरा नेत्रदान स्व विनोद देवी अग्रवाल पत्नी घनश्यामदास अग्रवाल के निधनोपरांत नेत्रदान समिति के राजगढ़ प्रतिनिधि कपिल भटटर ने उनके सुपुत्र अजय अग्रवाल से सम्पर्क कर नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा गुप्ता को सूचित किया जिस पर पूजा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए भोपाल मेमोरियल अस्पताल से डॉ योग अग्रवाल,डॉ खुशबु एवं महेश तीर्थानि ने पहुंच कर नेत्रदान यथा समय सम्पन्न करवाया । नेत्रदान समिति जीरापुर की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की नेत्रदानी विनोदी देवी धार्मिक एवं सर्वकल्याण में भरोसा रखने वाली महिला थी उनका नेत्रदान समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाएगा.नेत्रज्योति सदा प्रकाशमान रहती है अतः नेत्रदान अवश्य करे।